# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–03 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सामूहिक भावना के माध्यम से हम टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करते रहेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने भारत में टीबी बीमारी के खिलाफ लड़ाई की सराहना की है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। वर्ष दो हजार पच्चीस तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को पहले से ही संकल्प दिलाया है।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो ने अंतरग्रहीय आवास में जीवन का अनुकरण करने के लिए लद्दाख के लेह में देश के पहले एनालॉग अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत की है। एक महीने तक चलने वाला यह मिशन भारत की चंद्रमा पर आवास स्थापित करने की योजना के अनुरूप अंतरग्रहीय मिशन शुरू करने के लिए आधार प्रदान कर सकेगा।

**********

नहाए खाए के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व पांच नवम्बर से शुरू होगा। छह नवम्बर को खरना होगा। सात नवंबर को छठ व्रती महिलाएं विभिन्न नदियों, तालाबों और कृत्रिम घाटों पर पूजा अर्चना करेगी एवं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। आठ नवंबर की सुबह दोबारा उसी घाट पर पहुंचकर व्रती महिलाएं उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। पर्व को लेकर गोरखपुर और इसके आसपास के जिले में फलों और सब्जियों के बाजार गुलजार हो गये हैं। लोगों ने आज से ही छठ पर्व के लिए खरीददारी शुरू कर दी है।

इस बीच, भारतीय रेलवे त्योहारों को देखते हुए सात हजार चार सौ पैंतीस विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। पिछले वर्ष इस मौके पर साढ़े चार हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई थीं। छठ पूजा के लिए एक सौ पैंतालिस अतिरिक्त रेलगाडियां इस महीने की दो से आठ तारीख तक चलाई जा रही हैं। इस प्रकार प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्रियों के लिए रेल यात्रा सुगम बनाई जा रही है।

उधर, गोरखपुर के स्वास्थ्य विभाग ने त्योहारों में घर लौटने वाले प्रवासियों को डेंगू बीमारी के लक्षणों के प्रति सतर्क किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने कहा है कि अगर किसी प्रवासी में इस बीमारी का लक्षण दिखे तो वह अतिशीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराए।

**********

देश भर में भैया दूज का पर्व आज हर्षोल्लास के बीच मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर टीका लगा कर उनकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना कर रही हैं।

मथुरा जिले में यह पर्व यम द्वितीया के रूप में विशेष उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। वहां के विश्राम घाट पर आज पूरे दिन भाई बहनों ने एक साथ स्नान कर यमुना धर्म राज के प्राचीन मंदिर में दर्शन पूजन किया। साथ ही यमुना जी को वस्त्र, श्रृंगार सामग्री और धर्मराज को काला वस्त्र भी अर्पित किया गया।

**********

प्रदेश भर में आज ही चित्रगुप्त पूजन दिवस मनाया जा रहा है। गोरखपुर के प्रसिद्ध भगवान चित्रगुप्त के मंदिर समेत प्रदेश के विभिन्न चित्रगुप्त मंदिरों और घरों में कायस्थ समाज द्वारा कलम और दवात का पूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान चित्रगुप्त की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि जगतपिता ब्रह्मा जी के अंश और सृष्टि के समस्त प्राणियों के कर्मों का लेखा जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त लोगों को सत्य, धर्म और न्याय के सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा का संचार करें ।

**********

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह शीतकाल के लिए बंद कर दिए गये। भैयादूज के पावन अवसर पर आज मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी में यमुनोत्री धाम के कपाट भी आज दोपहर में बंद कर दिये गये। इस वर्ष करीब पंद्रह लाख तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम और सात लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किये हैं।

**********

लखनऊ विश्वविद्यालय से पांच विषयों में स्नातकोत्तर की पढाई ऑनलाइन की जा सकेगी। इसके तहत संस्कृत, अंग्रेजी, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र विषय में ऑनलाइन पढ़ाई के लिए इसी सत्र से आवेदन किये जा सकते हैं। विश्विद्यालय की ओर से बताया गया है कि आवेदन उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर पंद्रह नवम्बर तक किये जाएंगे। पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन की आखिरी तारीख पांच नवम्बर निर्धारित की गई है।

**********

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। आज सुबह कई जिलों में धुंध और हल्के कोहरे का असर देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में दिन में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि रातें ठंडी होंगी। आगामी तीन दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सुबह धुंध के साथ आंशिक कोहरे का असर देखा जा सकता है।

**********